उत्तर प्रदेश शासन
नागरिक उड्डयन अनुभाग
संख्या:-76/2019/1472/छप्पन-2019-34/2016
लखनऊ, दिनांक: 05 सितम्बर, 2019

कार्यालय-ज्ञाप

नागरिक उड्डयन निदेशालय, उत्तर प्रदेश के अधीन एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, उ0प्र0 के अन्तर्गत प्रवक्ता (एवियानिक्स) के पद पर श्री संतोष कुमार सिंह को रू0 45,600/- (रूपए पैंतालीस हजार छ: सौ मात्र) के नियत मासिक पारिश्रमिक पर शासनादेश संख्या-67/2016/1240/छप्पन-2016-19/11, दिनांक 05 सितम्बर, 2016 द्वारा कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अग्रेतर 02 वर्ष के लिए नियुक्त किया गया था। जिसके अनुपालन में उनके द्वारा दिनांक 06 सितम्बर, 2016 के पूर्वान्ह में अपना योगदान प्रस्तुत किया गया। तदुपरान्त श्री संतोष कुमार सिंह, प्रवक्ता (एवियॉनिक्स) की सेवाओं की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए कार्यालय ज्ञाप संख्या-91/2018/1446/छप्पन-2018-34/2016 दिनांक 23 अगस्त, 2018 द्वारा प्रवक्ता (एवियॉनिक्स) के पद पर संविदा अवधि अग्रेतर 01 वर्ष (दिनांक 06 सितम्बर,2018 से दिनांक 05 सितम्बर, 2019 तक) के लिए वर्तमान मासिक पारिश्रमिक रू0 47,880/- एवं 05 प्रतिशत की वार्षिक वेतन वृद्धि के आधार पर बढ़ाये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी थी, जो दिनांक 05 सितम्बर, 2019 को समाप्त हो रही है। निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा पत्र दिनांक 23 जुलाई, 2019 के माध्यम से इनकी संविदा अवधि वर्तमान पारिश्रमिक रूपए 50,274/- पर एवं शासनादेश संख्या-1422/छप्पन-2011-17/2014, दिनांक 09 सितंबर, 2014 के अनुसार अनुमन्य 5% की वार्षिक वेतन वृद्धि यथासमय करते हुए दिनांक 06 सितम्बर, 2019 से अग्रेतर 01 वर्ष अर्थात दिनांक 05 सितम्बर, 2020 तक बढ़ाये जाने का प्रस्ताव शासन के निर्णयार्थ उपलब्ध कराया गया है।

2- अत: सम्यक विचारोपरांत श्री राज्यपाल नागरिक उड्डयन निदेशालय, उत्तर प्रदेश के अधीन एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, उ0प्र0 के अन्तर्गत प्रवक्ता (एवियानिक्स) के पद पर श्री संतोष कुमार सिंह की संविदा अवधि वर्तमान पारिश्रमिक रूपए 50,274/- एवं शासनादेश संख्या- 1422/छप्पन-2011-17/2014, दिनांक 09 सितंबर, 2014 के अनुसार 5% की वार्षिक वेतन वृद्धि यथासमय करते हुए अग्रेतर 01 वर्ष (अर्थात दिनांक 06 सितम्बर, 2019 से 05 सितम्बर, 2020 तक) के लिए बढ़ाये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

3- श्री संतोष कुमार सिंह की संविदा सेवा के सम्बन्ध में अन्य नियम व शर्तें पूर्ववत जारी रहेंगी।

4- श्री संतोष कुमार सिंह की संविदा पर नियुक्ति के सम्बन्ध में निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध-पत्र निष्पादित कराकर उसे शासन को उपलब्ध कराया जाएगा।

डॉ0 सत्य प्रकाश तिवारी
अनु सचिव

श्री संतोष कुमार सिंह, प्रवक्ता एवियॉनिक्स (संविदा)
एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट,
नागरिक उड्डयन निदेशालय,
उ0प्र0, लखनऊ।

2/...

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

संख्या:- 76/2019/1472(1)/ छप्पन-2019- तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0 लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि श्री संतोष कुमार सिंह से निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध पत्र निष्पादित कराकर शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2- महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), उ0प्र0, प्रयागराज।
3- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- वित्त नियंत्रक, नागरिक उड्डयन निदेशालय, लखनऊ एयरपोर्ट, लखनऊ।
5- वित्त (व्यय-नियन्त्रण) अनुभाग-7
6- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
7- कार्मिक अनुभाग-1
8- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
डॉ0 सत्य प्रकाश तिवारी
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।